लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 05 March 2023

i-NEXT PAGE 4

पेपर से 30 मिनट पहले मिलेगी एंट्री

एलयू में रविवार और सोमवार को होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा


CONCEPT PIC

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (4 Mar): एलयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रविवार और सोमवार को होगी. पहले दिन दो पालियों में 19 विषयों की परीक्षा होगी. एलयू के पीआरओ प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों को 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर क्लास में प्रवेश कर जाना होगा. एडमिट कार्ड के दो प्रिंटआउट, पासपोर्ट साइज फोटो, सिग्नेचर के साथ लाने होंगे. दो ब्लू या ब्लैक बॉल पेन, व्हाइटनर अलाउ नहीं होगा. अपनी ओरिजनल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से कोई डॉक्युमेंट अपने साथ ला सकते हैं.

डेढ़ घंटे का होगा एग्जाम

पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम डेढ़ घंटे का होगा. पेपर में 70 सवाल पूछे जाएंगे, जो एमसीक्यू पैटर्न पर होंगे. हर सवाल एक अंक का होगा. पेपर में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी.

नहीं अलाउ होगा कैलकुलेटर

एग्जाम के दौरान कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक डायरीज, सेल फोन, हेडफोन्स, बीपर्स या किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या पेपर अलाउ नहीं होगा. कैंडीडेट ट्रांसपेरेंट वॉटर बॉटल लाएंगे. इसके अलावा उनको कोविड 19 गाइडलाइंस का पालन करना होगा.

न्यू और ओल्ड कैम्पस में होगी परीक्षा

रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा होगी. इसमें सुबह की पाली में जहां बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पीजी ब्लॉक ओल्ड कैम्पस और उर्दू की परीक्षा साइंस ब्लॉक ओल्ड कैम्पस में होगी. इंग्लिश, पर्शियन, होमसाइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंथ्रोपॉलजी और बायोकेमस्ट्री की परीक्षा न्यू कैम्पस में आयोजित होगी. दूसरी शिफ्ट पॉलिटिकल साइंस और संस्कृत की परीक्षा पीजी ब्लॉक ओल्ड कैम्पस, जियोग्राफी, जूलॉजी, अरबिक, स्टेटिसटिक्स व अरब कल्चर की परीक्षा साइंस ब्लॉक और फिजिक्स, सोशियॉलजी, अप्लाइड इकॉनमिक्स, लाइब्रेरी साइंस का एग्जाम सेकंड कैम्पस में होगा. दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से दोपहर 3:30 बजे तक होगी.

सांख्यिकी के प्रैक्टिकल एग्जाम 3 अप्रैल को

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमए एमएससी तीसरे सेमेस्टर सांख्यिकी विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा तीन अप्रैल को होगी. इस विषय के पहले सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा पांच अप्रैल को होगी. दोनों प्रयोगात्मक परीक्षा का समय सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक रहेगा. विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद एच सिद्दीकी ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है.

एलयू ने टीसीजी के साथ किया करार

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शनिवार को टीसीजी लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया. इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और टीसीजी से अनिर्बान मित्रा, एवीपी व वीसी ने हस्ताक्षर किए. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के जरिए सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम का विकास और अलग-अलग रोगों के उपचार के लिए नई दवाओं के विकास की आधारभूत संरचना पर मिलकर काम करना है. एलयू में होली के मौके पर सोमवार को एलयू परिसर बंद रहेगा. कुलसचिव संजय मेधावी ने कहा कि परीक्षाएं व प्रवेश परीक्षाएं तय समय पर होंगी.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज, सेंटर तक पहुंचाएगा प्रवेश पत्र

लखनऊ। लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रविवार और सोमवार को होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। इनकी विशेषता यह है कि इस पर दर्ज क्यूआर कोड को स्कैन करने पर गूगल मैप आपको परीक्षा केंद्र की लोकेशन दे देगा। इसकी सहायता से परीक्षा केंद्र पर पहुंचा जा सकेगा।

लविवि : 6,672 अभ्यर्थी हैं पंजीकृत

लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 6,672 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा की अवधि 90 मिनट की होगी। पहली पाली सुबह 10:30 बजे और दूसरी दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ओल्ड कैंपस और न्यू कैंपस में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर प्रिंट कर लें। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र की दो फोटोकॉपी और दो फोटोग्राफ व अपना आधार कार्ड लेकर जाना होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

दवा की खोज व विकास के लिए लविवि ने किया एमओयू

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ विवि ने टीसीजी लाइफ साइंसेस प्रा. लि. से मिलाया हाथ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अब रसायन विज्ञान की पढ़ाई के साथ ही दवा की खोज और विकास में भी योगदान देगा। इसके लिए विवि ने कोलकाता की टीसीजी लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और कंपनी के प्रतिनिधियों ने शनिवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यह दवा उद्योग की अग्रणी कंपनी है, जो दवा की खोज और विकास व बुनियादी अनुसंधान में शामिल है। इस एमओयू का उद्देश्य विभिन्न रोगों के उपचार के लिए नई दवाओं के विकास के लिए आधारभूत संरचना, विभिन्न जैविक गतिविधि परीक्षण और बौद्धिक गुणों जैसी अनुसंधान सुविधाओं को साझा करना है। इस एमओयू से विभाग के रिसर्च स्कॉलर्स और पीजी के छात्र विभिन्न इंस्ट्रूमेंटेशन तकनीकों और अणुओं के जैविक परीक्षण के लिए प्रशिक्षण ले सकते हैं।

विद्यार्थी कंपनी में शॉर्ट इंटर्नशिप भी कर सकते हैं। टीसीजी लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एमओयू पर श्री अनिर्बान मित्रा, एवीपी और हेड-एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन, टीसीजी लाइफ साइंसेस लिमिटेड ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विवि की डीन एकेडमिक प्रो. पूनम टंडन, रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

अबीर-गुलाल संग लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस में होली की उमंग

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को पूरे परिसर में विद्यार्थियों ने जमकर होली खेली। विभाग, कैंटीन और यहां तक कि रास्ते भी अबीर-गुलाल और रंगों से सराबोर हो गए। परिसर में एक ओर जहां होली खेली जा रही थी तो दूसरी ओर अराजकता रोकने के लिए सायरन बजाती प्रॉक्टोरियल टीम की गाड़ी भी चक्कर काटती रही। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि होली के माहौल को देखते हुए सोमवार को विवि कैंपस और महाविद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। हालांकि इस दिन प्रस्तावित परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय के अनुसार होंगी। परीक्षा कार्य में लगे स्टाफ को छोड़कर अन्य के लिए अवकाश रहेगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

शिक्षण संस्थानों में मनाई होली

लखनऊ। बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज में शनिवार को होली महोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि यूनिसेफ जयपुर की पोषण विशेषज्ञ मीनाक्षी सिंह, चेयरमैन केजी सिंह, प्रबंध निदेशक सशक्त सिंह ने भगवान कृष्ण और राधा की फूल और गुलाल से पूजा की। एमिटी यूनिवर्सिटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। विंग कमांडर व उप प्रति कुलपति डॉ अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : 26 मेधावियों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की प्लेसमेंट ड्राइव में शनिवार को 26 मेधावियों का चयन हुआ। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि हाइक एजुकेशन में बीटेक की तीन छात्राओं सारा, यशस्वी श्रीवास्तव, वर्तिका भट्ट का 6.42 लाख रुपये सालाना, आईएमएस के एमबीए के प्रभात सिंह व दिव्यांशी शुक्ला का 7.02 लाख सालाना पर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद पर प्लेसमेंट हुआ। वहीं, रैंग टेक्नोलॉजी में बीटेक के 12 छात्र-छात्राओं हर्षित भारती, देवेश, कशिश वर्मा, आशीष प्रताप चौधरी, मोहित गंगवार, प्रज्ञा पाण्डेय, हर्षित पांडेय, नितिन वर्मा, सत्यम शर्मा, आदित्य पाण्डेय, हर्षित शुक्ला व पुष्पेंद्र और एमसीए की छात्रा श्वेता यादव और एमबीए के अथर्व मिश्रा, दिव्यांशी शुक्ला, मोना, नैंसी सिंह, तान्या माथुर,वैष्णवी सिंह, बीकॉम के दो छात्रों आर्यमन सिंह व अर्शिता तिवारी का ट्रेनी रिक्रूटर के पद पर 3.25 लाख रुपये सालाना के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज से

तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2022-23 की प्रवेश परीक्षाएं रविवार व सोमवार को आयोजित होंगी। इसके लिए शनिवार को परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की गई है।

एलयू पुराने परिसर में पीजी व साइंस ब्लॉक और नवीन परिसर में विधि संकाय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम पाली और दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक द्वितीय पाली की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। प्रथम पाली में पीजी ब्लॉक में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, साइंस ब्लॉक में उर्दू और विधि संकाय में इंग्लिश, पर्शियन, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंथ्रोपोलॉजी व बायोकेमेस्ट्री की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। जबकि दूसरी पाली में पीजी ब्लॉक में पॉलिटिकल साइंस व संस्कृत, साइंस ब्लॉक में जाग्रफी, जूलॉजी, अरेबिक, स्टैटिस्टिक्स आदि की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पहले दिन की प्रवेश परीक्षाओं में दो हजार शामिल होंगे।

चार दिन हुई होली की छुट्टी, परीक्षाएं चलेंगी

लखनऊ। एलयू व सहयुक्त महाविद्यालयों के स्टूडेंट्स अब चार दिनों तक होली की छुट्टियां मना सकेंगे। पहले 7,8 व 9 मार्च को की छुट्टियां तय थीं। कुलसचिव संजय मेधावी ने लुआक्टा की मांग पर 6 मार्च को भी अवकाश घोषित कर दिया। परीक्षाएं व प्रवेश परीक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी।

अब नई दवाओं पर छात्र कर सकेंगे शोध

लखनऊ। एलयू ने टीसीजी लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ शनिवार को एमओयू साइन किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इस एमओयू का उद्देश्य अनुसंधान को बढ़ावा देना है। साथ ही विभिन्न रोगों के उपचार के लिए नई दवाओं के विकास आदि पर शोध हो सकेगा।

कुलपति का दौरा 18 नकलची पकड़े

लखनऊ। एलयू स्नातक पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीए, बीबीए, बीकॉम, बीएससी और बीकॉम (ऑनर्स) विषम सेमेस्टर 2022 की परीक्षाओं में शनिवार को 85261 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि लखनऊ सहित पांच जिलों में 150 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में 33613 और द्वितीय में 51648 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुल 235 स्टूडेंट्स अनुपस्थित रहे। सचल दल द्वारा दोनों पालियों में कुल 18 नकलची पकडे गए। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने हरदोई जिले में पांच केंद्रों पर चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया।

NBT PAGE 4

नई दवाओं पर शोध करेंगे स्टूडेंट्स

■ एनबीटी सं, लखनऊ : अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शनिवार को कोलकाता की टीसीजी लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार ने बताया कि इस एमओयू का उद्देश्य नई दवाओं के विकास के लिए आधारभूत संरचना, विभिन्न जैविक गतिविधि परीक्षण और अन्य अनुसंधान सुविधाओं को साझा करना है। इस मौके पर टीसीजी से एचआर हेड अनिर्बान मित्रा भी शामिल रहे।

वीसी के दौरे में पकड़े गए 18 नकलची

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को हरदोई जिले के पांच परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी समेत अन्य शिक्षक भी निरीक्षण के लिए निकले। परीक्षा केंद्रों पर उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति भी चेक की। वहीं फ्लाइंग स्क्वॉड ने चेकिंग के दौरान 18 स्टूडेंट्स को नकल करते पकड़ा। इनमें 3 लड़कियां भी शामिल रहीं। एलयू से संबद्ध कॉलेजों में परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को पहली पाली में 33,613 स्टूडेंट पंजीकृत थे। 116 स्टूडेंट ने परीक्षा नहीं दी। इसके अलावा दूसरी पाली में 51,648 स्टूडेंट पंजीकृत थे। 119 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

पीएचडी प्रवेश परीक्षाएं शुरू

एलयू की सत्र 2022-23 की रेगुलर पीएचडी की प्रवेश परीक्षाएं रविवार और सोमवार को होंगी। इस मद्देनजर परीक्षा केंद्रों की लिस्ट जारी कर दी गई। एलयू ओल्ड कैंपस में पीजी व साइंस ब्लॉक में परीक्षा होगी। वहीं न्यू कैंपस में विधि संकाय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम पाली और दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक दूसरी पाली की प्रवेश परीक्षाएं होंगी। प्रथम पाली में पीजी ब्लॉक में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, साइंस ब्लॉक में उर्दू और विधि संकाय में इंग्लिश, पर्सियन, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंथ्रोवपॉलजी व बायोकेमेस्ट्री की प्रवेश परीक्षाएं होंगी।

JAGRAN CITY PAGE I & III

लवि में जियोलाजी के प्रैक्टिकल पांच को

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में बीएससी तीसरे सेमेस्टर जियोलाजी (ओल्ड कोर्स) बैक पेपर, एग्जेम्प्टेड व छूटे हुए छात्र-छात्राओं की पुन : प्रयोगात्मक परीक्षा पांच अप्रैल को विभाग में होगी। जियोलाजी विभाग के हेड प्रो . अजय मिश्रा ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा।

लवि : तीन अवधि का बनाना होगा विजन प्लान

जासं, लखनऊ : राजभवन द्वारा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अगले 10 वर्ष की कार्ययोजना बनाने के निर्देश पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। भौतिक विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता में बैठक में तय किया गया कि विजन प्लान अल्पावधि (0-3 वर्ष), मध्यावधि (3-7 वर्ष) एवं लंबी अवधि (7-10 वर्ष) के तहत तैयार करके लक्ष्य निर्धारित करना होगा। विभाग छह मार्च तक प्लान बनाकर आगे विचार के लिए प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के संयुक्त विजन प्लान को मिलाकर लवि के दस वर्षीय विजन प्लान को राजभवन भेजा जाएगा।

प्लान के लिए प्रो. ओंकार प्रसाद की अध्यक्षता में विभागीय समिति का गठन किया गया है। सदस्यों में प्रो. नीरज मिश्रा, प्रो. एमएम वर्मा, प्रो. अमृतांशु शुक्ल, डा. आरबी सिंह व डा. अतुल श्रीवास्तव शामिल हैं।

समाज शास्त्र पर 100 साल के शोध पढ़ सकेंगे विद्यार्थी : समाज शास्त्र विभाग ने 10 वर्ष का विजन प्लान तैयार करना शुरू कर दिया है। विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने बताया कि इसमें विभाग 100 साल में समाजशास्त्र पर अध्ययन व शोध प्रकाशन की पुस्तक तैयार करेगा।

15 जून तक मिलेगी कालेजों को आनलाइन सम्बद्धता

लवि नए कालेजों एवं पूर्व संचालित कालेजों में सत्र 2023-24 के लिए नवीन पाठ्यक्रमों, विषयों की संबद्धता 15 जून तक आनलाइन जारी करेगा। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि आनलाइन जमा प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन के लिए 17 मार्च तक समय तय किया गया है। अनापत्ति आदेश आनलाइन 25 मार्च तक जारी किया जाएगा। 10 अप्रैल तक निरीक्षण मंडल का गठन किया जाएगा, जो कि 31 मई तक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के कालेजों में पूर्व से ऐसे कोर्स, जिनकी सम्बद्धता या सहयुक्तता 30 जून को समाप्त हो रही है, उन्हें स्थायी सहयुक्तता के लिए पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करना होगा। निरीक्षण रिपोर्ट समय से आनलाइन उपलब्ध करानी होगी। अन्यथा नए सत्र में उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश रोक दिया जाएगा।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा आज व कल

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रविवार से शुरू होगी। पुराने व द्वितीय परिसर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एडिशनल एडमिशन कोआर्डिनेटर अनित्य गौरव ने बताया कि रेगुलर पीएचडी के लिए 39 विषयों में 1231 सीटें हैं। 6672 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

पांच मार्च : सुबह 10.30 से 12 बजे तक पीजी ब्लाक पुराने परिसर में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, उर्दू, द्वितीय परिसर के ला फैकल्टी में अंग्रेजी, पर्शियन, होमसाइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंथ्रोपोलाजी, बायोकेमिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा होगी। दो से 3.30 बजे तक पुराने परिसर के पीजी ब्लाक में पालिटिकल साइंस, संस्कृत, साइंस ब्लाक में जाग्रफी, जूलाजी, अरेबिक, स्टैटिस्टिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर, द्वितीय परिसर के ला फैकल्टी में फिजिक्स, सोशियोलाजी, एप्लाइड इकोनामिक्स, लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस की प्रवेश परीक्षा होगी।

छह मार्च : सुबह 10.30 से 12 बजे तक पुराने परिसर के पीजी ब्लाक में ला, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, जियोलाजी, लिंग्विस्टिक्स, इकोनामिक्स, एआइएच, फाइन आर्ट्स (पेंटिंग) और द्वितीय परिसर में एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा तय है। दो से 3.30 बजे तक पुराने परिसर के पीजी ब्लाक में फिजिकल एजुकेशन, हिन्दी, फिलासफी, मैथमेटिक्स, सोशल वर्क, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस स्टीज, साइंस ब्लाक में बाटनी, हिन्दी, साइकोलाजी, एमआइएच की प्रवेश परीक्षा होगी।

टीसीजी लाइफ साइंसेज कोलकाता में इंटर्नशिप कर सकेंगे विद्यार्थी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को टीसीजी लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ शनिवार को एमओयू किया। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और कंपनी की ओर से अनिर्बान मित्रा, एवीपी और हेड-एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन ने हस्ताक्षर किए। रसायन विज्ञान विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि इस एमओयू से विभाग के शोधार्थी व पीजी के छात्र-छात्राएं विभिन्न इंस्ट्रूमेंटेशन तकनीकों तथा अणुओं के जैविक परीक्षण के लिए टीसीजी की सुविधा में प्रशिक्षण ले सकेंगे। इसके अलावा वहां शार्ट इंटर्नशिप भी कर सकते हैं। एमओयू के मौके पर डीन एकेडमिक प्रोफेसर पूनम टंडन, इप्सिता चक्रवर्ती उपस्थित थे।

लवि के 26 विद्यार्थियों का कैम्पस प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है।

प्लेसमेंट प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि हाइक एजुकेशन में बीटेक की तीन छात्राओं सारा एफंडी, यशस्वी श्रीवास्तव, वर्तिका भट्ट का चयन 6.42 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। आइएमएस के एमबीए के प्रभात सिंह, दिव्यांशी शुक्ला का 7.02 लाख प्रतिवर्ष पर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर पद पर प्लेसमेंट हुआ। रैंग टेक्नोलाजी में हर्षित, देवेश, कशिश वर्मा, आशीष, मोहित, प्रज्ञा पांडेय, हर्षित पांडेय, नितिन, सत्यम शर्मा, आदित्य पांडेय, हर्षित शुक्ला, पुष्पेंद्र, एमसीए की श्वेता, एमबीए के अथर्व मिश्रा, दिव्यांशी, मोना, नैंसी सिंह, तान्या और वैष्णवी सिंह, बीकाम के आर्यमन सिंह, अर्शिता तिवारी का ट्रेनी रिक्रूटर पद पर चयन हुआ।

छह को भी छुट्टी, अब 10 को खुलेगा लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह मार्च को कैंपस एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। इस दौरान पूर्व निर्धारित सेमेस्टर परीक्षाएं एवं प्रवेश परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। कुलसचिव संजय मेधावी ने शनिवार को इस संबंध में पत्र जारी किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय व महामंत्री डा. अंशु केडिया ने होली के उपलक्ष्य में छह मार्च की छुट्टी घोषित करने के लिए पत्र भेजा था। लवि प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कैंपस 10 मार्च को खुलेगा। (जासं)

नकल सामग्री के साथ पकड़े गए 18 परीक्षार्थी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में नकल को लेकर लगातार सख्ती की जा रही है। शनिवार को उड़ाका दल ने कैंपस एवं विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सबसे ज्यादा 18 परीक्षार्थी नकल सामग्री के साथ पकड़े। कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने भी हरदोई के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर नकल विहीन परीक्षा कराने के सख्त निर्देश दिए। कुलपति ने हरदोई के दिव्यानंद विद्या मंदिर महाविद्यालय, सहजादे सिंह महाविद्यालय अतरौली, श्री जगदेव सिंह महाविद्यालय अतरौली, अनिल पब्लिक महाविद्यालय सिकंदरपुर और ज्ञानदीप डिग्री कालेज निवादा टड़ियावां का निरीक्षण किया। शनिवार को 85,261 ने परीक्षा दी। 235 अनुपस्थित रहे। (जासं)

विदेश नीति पर व्याख्यान

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने शनिवार को 'थ्योराइजिंग इंडियन फारेन पालिसी' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विशिष्ट वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो . तेज प्रताप सिंह ने भारतीय विदेश नीति के सैद्धांतिकरण पर विचार रखे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो . मनुका खन्ना, प्रो . संजय गुप्ता, प्रो . कविराज, प्रो . राघवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। (जासं)

बौद्ध दर्शन पर चर्चा

लखनऊ : लवि के दर्शनशास्त्र विभाग में शनिवार को भारतीय ज्ञान एवं परंपरा की व्याख्यान माला के क्रम में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो . अंबिका दत्त शर्मा थे। उन्होंने बौद्ध दर्शन के परार्थानुमान तथा न्याय दर्शन के परार्थानुमान की मूलभूत विभिन्नताओं चर्चा की। इस अवसर पर विभाग की विभागाध्यक्ष डा . रजनी श्रीवास्तव, शिक्षक प्रो . राकेश चन्द्रा, डा . आर के वर्मा, डा . प्रशांत शुक्ला, डा . ममता सिंह उपस्थित रहे। (जासं)

THE PIONEER PAGE 4

LU incubation centre to help startups grow

Lucknow (PNS): The University of Lucknow is preparing students not only for employment-oriented education but also for employment-giving youth by implementing the National Education Policy, 2020. If one wants to open a start-up in Uttar Pradesh and has a great idea for that, they can directly contact the LU incubation centre which has sought applications for start-up and start-up ideas.

The centre was established in 2022 under Vice-Chancellor Prof AK Rai. Incubation centre director Amritashu Shukla said there are numerous possibilities for startups in UP. "For this, the state government has set aside a special budget and has made a policy. The help is provided through 'Manyata Incubation Centre," he said.

The main objective is to provide a conducive environment for entrepreneurs and get necessary help at one place to start new businesses and successfully take forward the growth plans.

To join the incubation centre, it is necessary to register the company and procure the DPIIT certificate. People from outside the university can also join it, provided their company's main office area is in Uttar Pradesh.

लविविः भारतीय ज्ञान व परंपरा पर व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में भारतीय ज्ञान एवं परंपरा की व्याख्यानमाला के क्रम में शनिवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में भारतीय दर्शन के ज्ञान व परंपरा पर प्रकाश डाला गया। लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित व्याख्यान के प्रमुख वक्ता हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के दर्शनशास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रो . अंबिका दत्त शर्मा ने परार्थानुमान का बौद्ध प्रयोजन व उनके लिए केंद्रित निष्ठा पर व्याख्यान दिया। साथ ही भारतीय दर्शन की ज्ञान मीमांसीय दृष्टि पर प्रकाश डाला। इसके अलावा बौद्ध दर्शन के परार्थानुमान तथा न्याय दर्शन के परार्थानुमान की मूलभूत विभिन्नताओं पर चर्चा की। दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ . रजनी श्रीवास्तव के साथ वरिष्ठ सलाहकार, डॉ . जयशंकर सर और हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ . राजेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही शोध छात्र, परास्नातक व स्नातक के छात्रों ने इस व्याख्यानमाला में हिस्सा लिया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि व अन्य महाविद्यालयों में 4 दिन छुट्टी, परीक्षाएं चलेंगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को चार दिन की होली की छुट्टी मिलेगी। पहले 7,8 व 9 मार्च को होली की छुट्टियां होनी थीं, लेकिन शनिवार को कुलसचिव संजय मेधावी ने लुआक्टा सहित कई अन्य संगठनों की मांग पर सोमवार छह मार्च को भी होली के मद्देनजर अवकाश घोषित कर दिया है। कुलसचिव ने बताया कि इस दौरान परीक्षाएं एवं प्रवेश परीक्षाएं अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 26 विद्यार्थी चयनित

लखनऊ। लखनऊ विवि के 26 विद्यार्थियों का चयन कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से हुआ है। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया था। कैम्पस प्लेसमेंट के लिए दो कंपनियां हाइक एजुकेशन तथा रैंग टेक्नोलॉजी आई थी। इन दोनों ही कंपनियों ने 26 विद्यार्थियों का चयन किया है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विवि ने टीसीजी लाइफ साइंसेस के साथ किया करार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) ने शनिवार को टीसीजी लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता (दवा कंपनी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। जो विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ मिलकर अनुसंधान और रोगों के उपचार के लिए नई दवाओं के विकास कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने टीसीजी लाइफसाइंसेस प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करते हुए बताया कि टीसीजी कंपनी दवा अनुबंध अनुसंधान सेवाओं में लगी हुई है, और दवा की खोज और विकास के साथ-साथ बुनियादी अनुसंधान में शामिल होने के क्षेत्र में वैश्विक दवा और जैव प्रौद्योगिकी कंपनियों को सेवाएं प्रदान कर रही है।

उन्होंने बताया कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अनुसंधान कार्यक्रम का विकास और विभिन्न रोगों के उपचार के लिए नई दवाओं के विकास के लिए आधारभूत संरचना, विभिन्न जैविक गतिविधि परीक्षण और बौद्धिक गुणों जैसी अनुसंधान सुविधाओं को साझा करना है।

TOI PAGE 5

LU students get drenched in Holi hues

Lucknow: Soaked in shower of gulal and herbal colours, students and teachers of Lucknow University made sure to celebrate Holi with great enthusiasm, on Saturday.

As soon as the University authorities announced the closure of the campus from Monday onwards in view of the festival, everyone on the campus was seen smearing colours on each and wishing Happy Holi to one another before they left the campus.

Both girls and boys hostel became a place of exchange of colours, sweet dishes and loud cheers of 'Holi hai'. Also, hostels celebrated Holi with millet dishes made by students and served to faculty and staff.

"It was fun to celebrate Holi on campus as it is like our second home," said MSc student Shreya.

LOK SATYA PAGE 2, 3

भारतीय विदेश नीति के बारे में दिया व्याख्यान

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 'थ्योराइजिंग इण्डियन फॉरेन पॉलिसी' विषयक व्याख्यान हुआ। विशिष्ट वक्ता प्रो तेज प्रताप सिंह, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने भारतीय विदेश नीति के सैद्धान्तिकरण पर विचार अभिव्यक्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय राजनीति के यथार्थवादी, आदर्शवादी, मार्क्सवादी एवं विश्व व्यवस्था सिद्धान्त पर प्रकाश डाला। साथ ही इन सिद्धान्तों के व्यावहारिक पहलुओं पर विचार करते हुए वर्तमान विश्व-व्यवस्था की ओर छात्र-छात्राओं का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम के संयोजिका विभागाध्यक्ष प्रो0 मनुका खन्ना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो मनुका खन्ना, प्रो संजय गुप्ता, प्रो कविराज, प्रो राघवेन्द्र प्रताप सिंह, डा अमित कुशवाहा, डा राजीव सागर, डा माधुरी साहू रहे।

एलयू में बाजरे के व्यंजनों के साथ मनाया गया होलिकोत्सव

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ यूनिवर्सिटी के डॉ. बीआर अम्बेडकर गर्ल्स हॉस्टल द्वितीय परिसर में बाजरे के व्यंजनो के साथ होली का त्योहार मनाया गया। जो विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा 2023 को बाजरा वर्ष घोषित किया जाने के बाद एक सकारात्मक प्रयास है।

इस अवसर पर प्रोफेसर पूनम टंडन, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर और प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह, चीफ प्रोवेस्ट, लविवि मौजूद थे। प्रो. बी.डी. सिंह, प्रो. राजकुमार, डॉ. अभिषेक तिवारी, डॉ. अनुपमा, डॉ. आलोक, डॉ. अभिषेक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी स्वस्थ होली थीम के साथ रंगारंग उत्सव में शामिल हुए।

अतिथियों का स्वागत प्रोवेस्ट डॉ. अर्चना सिंह और सहायक प्रोवोस्ट डॉ. कौमुदी सिंह ने पुष्पगुच्छ और रंग देकर किया। छात्रावास के कर्मचारियों को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में होली उपहार दिए गए। इस कार्यक्रम का छात्रावास के छात्रों के जीवंत प्रदर्शन के साथ समापन हुआ।